प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 11.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

- दिल्ली में लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में आठ लोगों की मृत्यु –मामले की उच्चस्तरीय जांच जारी–घटना के बाद प्रदेश में भी हाई अलर्ट।
- बारां की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज सुबह 7 बजे से मतदान शुरू हुआ।
- राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत को केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग में सचिव के पद पर नियुक्त किया गया।
- राज्य सरकार ने खरीफ फसल खराबे को लेकर कृषि अनुदान को मंजूरी दी–प्रभावित किसानों को एक हजार करोड़ रूपये की राहत राशि दी जायेगी।

दिल्ली में कल शाम लाल किले के पास हुए कार विस्फोट में आठ लोगों की मृत्यु हो गई। लगभग सात बजे ट्रैफिक सिग्नल के पास हुए इस धमाके में आस पास के अन्य वाहनों को भी नुकसान पंहुचा और कई लोग घायल हो गए। कई घायलों की स्थिति गम्भीर है। गृह मंत्री अमित शाह ने विस्फोट स्थल का दौरा किया और लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में घायलों से मिले। उन्होंने कहा कि इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की जा रही है। और जल्द ही सही कारणों का पता चलेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी स्थिति का जायजा लिया और गृह मंत्री अमित शाह से बात की। गृह मंत्री आज वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक में स्थिति की समीक्षा करेंगे। इस बीच घटना के मद्देनजर प्रदेश भर में भी अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पुलिस को अलर्ट मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा को महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शॉपिंग मॉल, पर्यटन स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था के साथ–साथ भीड़–भाड़ वाली जगहों पर भी सख्त निगरानी रखने और माकूल सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा है। साथ ही बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड दलों को भी सतर्क रखने को कहा गया है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए कमांड सेंटर के सीसीटीवी कैमरों से निरंतर निगरानी रखी जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक या गलत सूचना फैलाने वालों की भी मॉनिटरिंग की जा रही है। वहीं सभी जिलों में रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों, भीड़ भीड़ वाले इलाकों में बेरिकेड्स लगाकर पुलिस की ओर से विशेष चेकिंग की जा रही है। होटलों , धर्मशालाओं में ठहरने वाले लोगों पर भी निगरानी रखी जा रही है। उधर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने इस हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से शोक संतप्त परिजनों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है।

बारां की अंता विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए आज वोट डाले जा रहे है। सुबह सात बजे से मतदान शुरू हुआ जो शाम 6 बजे तक चलेगा। लोग वोट डालने के लिए मतदान केन्द्रों पर उत्साह के साथ पंहुच रहे है। सभी 268 मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं की गई है। साथ ही सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये है।

आज के मतदान के बाद प्रत्याशियों का भविष्य मतपेटी में बंद हो जायेगा। 14 नवम्बर को मतगणना के बाद ही तय होगा कि इस सीट पर किसकी विजय होती है। यहां त्रिकोणीय मुकाबला है। भाजपा के मोरपाल सुमन, कांग्रेस के प्रमोद जैन भाया और निर्दलीय नरेश मीणा चुनाव मैदान में है। आज के मतदान के बाद ईवीएम को कडी सुरक्षा के बीच बारां के राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रखा जायेगा। उधर बिहार में दूसरे और अंतिम चरण का मतदान जारी है। इस चरण में 20 जिलों के 122 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हो रहा है।

प्रदेश में मौजूदा भजनलाल सरकार के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के अवसर पर अगले महीने 20 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। इन कार्यों में पानी, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास और नगरीय आधारभूत संरचना से संबंधित परियोजनाएं शामिल होंगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने इसे लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य हर विकास योजना का लाभ सीधे जनता तक पंहुचाना है। इसके साथ ही अगले महीने रोजगार उत्सव भी आयोजित किया जायेगा। इस दौरान बीस हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिये जायेंगे। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश देते हुए सभी लंबित भर्तियां जल्द पूरा करने को कहा।

राज्य के मुख्य सचिव सुधांश पंत को केन्द्र सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग में सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। केबिनेट की नियुक्ति समिति ने इसके आदेश जारी किये। श्री पंत अमित यादव का स्थान ग्रहण करेंगे। श्री यादव 30 नवम्बर को सेवानिवृत्त होने वाले है। गौरतलब है कि राजस्थान कैडर के 1991 बैच के आईएएस अधिकारी श्री पंत को 1 जनवरी 2024 को मुख्य सचिव के पद पर नियुक्त किया गया था। वे जैसलमेर और झुंझुनूं के कलेक्टर के पद पर भी रहे।

रेलवे के कोटा मंडल में स्वदेशी तकनीक से बनी वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का उच्च गति परीक्षण कल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह परीक्षण अनुसंधान अभिकल्प और मानक संगठन लखनऊ की परीक्षण निदेशालय टीम की ओर से कई तकनीकी विशेषज्ञों की उपस्थिति में किया गया।

राज्य सरकार ने खरीफ फसल खराबे को लेकर कृषि अनुदान को मंजूरी दे दी है। इसके तहत प्रभावित 31 जिलों के 50 लाख से अधिक किसानों को एसडीआरएफ से एक हजार करोड़ रुपए की राहत राशि दी जायेगी। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सभी जिला कलेक्टरों को इसकी कार्यवाही जल्द पूरा कर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

भारत–पाक सीमा पर चल रहा तीनों सेनाओं का युद्धाभ्यास त्रिशूल कल सम्पन्न होगा। समापन से पहले आज सेना द्वारा मरू ज्वाला तथा कल अखंड प्रहार अभ्यास किया जायेगा। हमारे जैसलमेर संवाददाता ने बताया कि मरू ज्वाला अभ्यास के दौरान मूल रूप से स्वदेशी विमान, हेलिकॉप्टर और मिसाइलों का परीक्षण किया जाएगा।

पर्यटन विभाग की ओर से 19 नवम्बर को घूमर महोत्सव आयोजित किया जायेगा। महोत्सव से पहले जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से घूमर लोकनृत्य कार्यशाला शुरू हो रही है। जयपुर कथक केन्द्र की ओर से हो रही इस कार्यशाला में 12 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी हिस्सा ले सकते है। ये कार्यशाला 16 नवंबर तक दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित की जायेगी।